
**<u>कोविद १९ के पर्यावरण में डेयरीज में काम आने  वाली १४ आवश्यक बातें</u>**


यह १४ बातें में सिर्फ इस लिए बताना चाहता हु जिस से हमारा डेरी व्यवसाय स्वस्थ रहे और डेरी हमेशा अच्छे से चलती रहे और लोगो तक दूध पहुँचता रहे



**१. हाइजीन** - सब से पहले हमे यह ध्यान रखना है हमारा डेरी प्लांट हो, डेरी फार्म हो, दूध को इकठा करने का केंद्र हो, दूध की दुकान हो, वो बिलकुल स्वच्छ होनी चाहिये और वह जो भी कर्मचारी काम कर रहे हैं उन के लिए हाथ धोने का साबुन और सनिटिज़ेर हर स्थान पर मौजूद होना चाहिए जो भी उच्च प्रबंधक डेरी के अंदर हैं उनको डेरी कर्मचारियों को साफ़ सफाई और हाइजीन के बारे में प्रक्षिक्षित करते रहना चाहिए




**२. सामाजिक दूरी** - जितने भी डेरी के कर्मचारी हैं उनको कम से कम १ मीटर की दूरी बना के रखनी चहिये! अगर आवश्यक न हो तो एक दुसरे के पास नहीं जाना चाहिए! एक दुसरे से हाथ नहीं मिलाना चाहिये , आमतौर पर जब हम एक जगह काम करते हैं तो एक दुसरे का हाथ पकड़ते हैं और एक दुसरे के साथ बैठ के भोजन करते हैं तो ये सब आदतें हम को छोड़नी होंगी इस से दूर रहना होगा! जो भी डेरी कर्मचारी हैं उनको स्वयं ही अपना परिक्षण करना होगा अपना तापमान चेक करे, अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखे, अगर किसी को भी लगता है उसको बुखार है, गला ख़राब है, और उसे किसी भी तरीके की कोई बीमारी है तो वो उस दिन डेरी में काम पर ना आये!



**३. डेरी में भीड़ भाड़ वाली जगह** - अपनी डेरी उस जगह का ध्यान रखना है जहाँ कोविद १९ के फैलने का खतरा हो सकता है ! जैसे रिसेप्शन एरिया , जहाँ दूध आता है, बहार से लोग आते हैं, जहाँ काफी लोग मिल कर सफाई करते हैं, जहाँ दूध इकठा होने के केंद्र है, कोई भी स्थान जहाँ आपको लगता है लोगो का आना जाना ज़्यादा है उस स्थान पे अलग से चिन्ह लगाया जाये , गोले के चिन्ह, चौकोर का चिन्ह होना चाहिए और उस स्थान को रेड अलर्ट घोषित कर देना चाहिये !



**४. आंतरिक बैठक** - अगर आपको डेरी में किसी के भी साथ मीटिंग करनी है या सामूहिक मीटिंग करनी है तो वह मीटिंग खुली हवादार स्थान पर होनी चाहिये!



**५. कीटाणुशोधन** - जैसे के हम आमतौर पर डेरी के अंदर कीटाणुनाशन का इस्तेमाल करते हैं और डेरी के पाइप्स और स्टेनलेस स्टील के बर्तनो की भी हम कीटाणुनाशन करते हैं. मगर कोविद १९ के चलते हमे पूरी डेरी को बड़े पैमाने पर कीटाणुशोधन करना पड़ेगा और उस के लिए हमे , जिस जिस स्थान पर हमारी मशीनरी रखी होती हैं जैसे की क्रीम सेपरेटर, होमोजेनीज़ेर, दूध का कैन , दूध बनाने का स्थान वह सब दिन में दो बार कीटाणुशोधन होनी चाहिये!



**६. सुरक्षा गियर्स** - जो भी हमारा डेरी का स्थान है और हमारी डेरी के अंदर कोई भी कर्मचारी आता है, कोई भी बाहर का व्यक्ति आता है, उनको पूरे सुरक्षित गियर पहन ने चहिये जैसे के चश्मा, टोपी, मास्क, जूते, एप्रन, शरीर का कोई भी अंग खुला नहीं होना चहिये!



**७. वर्दी** - जो भी कर्मचारी वर्दी पहनते हैं या जो भी कपडे पहनते हैं और उन्हें पहन के काम करते हैं वह प्रतिदिन बदलनी चाहिये, प्रतिदिन साफ़ होनी चहिये कोविद १९ के चलते उसे उसे रोज़ धोना चहिये!



**८. मल्टीटास्किंग (बहु कार्यन)** - हमे नहीं जानते कि हमे इस महामारी से कब तक लड़ना पड़ेगा तो इस स्थिति में ऐसा हो सकता है हमारे जो भी कर्मचारी हैं वो हर समय उपलब्ध ना हो तो उस के लिए हमे मल्टीटास्किंग सीखनी होगी तो ऐसे में यदि कोई कर्मचारी किसी भी कारणवश नहीं आ पा रहा है तो कोई और व्यक्ति उसका काम कर सकता है और डेरी का काम नहीं रुकेगा!




**९. विजिटर रिकॉर्ड (आगुन्तुक रिकॉर्ड)** - आपको हर आने जाने वाले व्यक्ति कि जानकारी होना आवश्यक है वो कहा से आया है, यदि आपको पता चलता है के वह व्यक्ति इस महामारी से पीड़ित है तो आप उस कि जानकारी प्राप्त कर सके और समय से उसकी देखभाल कर सके जिस से कि कोई और व्यक्ति उस से संक्रमित ना हो!





**१०. एकल प्रवेश और निकास (सिंगल एंट्री एंड एग्जिट)** - जितनी भी डेयरीज में अगर बहुत से प्रवेश और निकास द्वार हैं तो आप को उन सब को बन्द कर के केवल एक ही द्वार को चालू रखना चहिये जिस से की आप निगरानी रख सके और सबका रिकॉर्ड रख सके कौन अंदर आया और कौन बहार गया!



**११. वालंटियर्स (स्वयंसेवकों) को ढूंढना** - वालंटियर्स को ढूंढ़ने का मतलब यह है की , यदि कल को यह बीमारी ज़्यादा फैलती है तो हमे अपने व्यवसाय को चलने के लिए बहुत से लोगो की ज़रुरत पड़ेगी तो जो भी आप क पडोसी हैं , आप के आस पास जितने भी लोग हैं, मित्र हैं, उन सभी को आप यह सन्देश पहुँचाये और समय पड़ने पर वह हमारी मदद कर सकता है जिस से की आप की डेरी चलती रहे!



**१२. डैरियों की एकता -** इस समय जो भी लोग डेरी व्यवसाय से जुड़े हुए हैं उन सब को मिलजुल क काम करना चहिये एक दुसरे और किसी के पास संसाधन कम हैं तो वह किसी दूसरे से संसाधन ले सकता है और एक दुसरे के संसाधन और शक्ति का इस्तेमाल कर सकता है!



**१३. सूची और रखरखाव (इन्वेंटरी एंड मैंटेनैंस)** - इस समय डेयरीज व्यवसाय से जुड़े हुए लोगो को ये भी ध्यान रखना चाहिये की ज़रूरी समान की सप्लाई की वजह से आप की डेरी के काम में रूकावट न आये, आप के प्लांट में दूध की प्रक्रिया में कोई कमी नहीं आनी चाहिये ! और यदि आपकी मशीन में कोई खराबी आ गई है और उसको सर्विस की ज़रुरत है तो आप उस को पूरी सक्रियता से ले और अगर आपको उसे के लिए किसी सर्विस इंजीनियर की ज़रुरत है तो उस के लिए हमारी सरकार ने भी ज़रूरी सेवाओं को मंज़ूरी दी है उस के लिए पास जारी करवाए जिस से की आप का काम बिना किसी बाधा के सुचारु रूप से चलता रहे!



**१४. लीडर शिप (नेतृत्त्व)** - आज के समय में जो भी डेरी में हमारे में उच्च अधिकारी हैं उन्हें सामने आना है और और अपने नेतृत्त्व को दिखाना है
इस का में एक उदाहरण देना चाहता हु! हमारे श्री सोढी जी जो के अमूल के मैनेजिंग डायरेक्टर है उन्होंने एक अखबार में कहा है के इस महामारी के चलते हम दूध की कमी नहीं होने देंगे सभी को दूध मिलेगा किसी को भी दूध की कमी नहीं रहेगी! इसी प्रकार जो भी डेरी व्यवसाय से जुड़े हुए हैं, उच्च अधिकारी, डेरी कार्यकर्ता, उनको सामने आना है और सभी को प्रोत्साहित करना चाहिये जिस से की इस महामारी के चलते दूध की कोई कमी न आये!

**जय हिन्द**